फा. सं पृ वि मं/18/3/2015- स्था.
भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
पृथ्वी भवन, लोदी रोड,
नई दिल्ली- 110003

दिनांक : 18.05.2015

राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईओटी), चेन्नै में निदेशक के पद पर भर्ती

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस), भारत सरकार अपने स्वायत्तशासी संस्थान और तमिलनाडु सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम के तहत 1993 में स्थापित राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईओटी), चेन्नै में, पे बैंड-IV (37,400-67,000रु +10,000 रू. ग्रेड वेतन) के एसएजी वेतनमान में निदेशक के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। एनआईओटी, चेन्नै के मुख्य लक्ष्य और उद्देश्य निम्नलिखित है:-

- समुद्रों के निर्जीव और सजीव संसाधनों की कृषि से जुड़ी विभिन्न इंजीनयरिंग समस्याओं को सुलझाने के लिए भरोसेमंद स्वदेशी प्रौद्योगिकियों को विकसित करना ;
- समुद्री संसाधनों के सतत उपयोग के लिए विश्व स्तर की प्रौद्योगिकियों और उनके अनुप्रयोगों को विकसित करना;
- समुद्री संसाधनों और पर्यावरण के प्रबंधन के लिए भारत में जानकारी आधारित और संस्थागत क्षमताओं को विकसित करना;
- समुद्रों के क्षेत्र में कार्य कर रहे संगठनों को प्रतिर्स्पधात्मक, मूल्य वर्धित तकनीकी सेवाएं और समाधान उपलब्ध करवाना;

अर्हता एवं अनुभव

अनिवार्य :-

(i) स्नातक के साथ-साथ स्नातकोत्तर स्तर पर कम से कम प्रथम श्रेणी (60%) से किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी में स्नातक की डिग्री अथवा समकक्ष या समुद्र विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा समकक्ष।

(ii) संबंधित क्षेत्र में अनुसंधान और विकास, सर्वेक्षण, प्रशासन, योजना, शिक्षण (स्नातक या स्नातकोत्तर स्तर पर), पर्यवेक्षण या प्रशिक्षण का 21 वर्ष (पीएचडी के साथ 18 वर्ष) का अनुभव।

वांछनीय :-

(i) संबद्ध क्षेत्र से संबंधित विज्ञान की किसी भी शाखा में पीएचडी अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग अथवा प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर डिग्री।

(ii) समुद्र और समुद्री विज्ञान/प्रौद्योगिकी में नीति निर्माण, योजना अथवा प्रबंधन या संबद्ध क्षेत्र में परियोजनाओं के प्रबंधन में अनुभव।

नोट : अधिक जानकारी के लिए कृपया एनआईओटी की वेबसाइट http://www.niot.res.in देखें

**कार्य का विवरण:** निदेशक, जो कि एनआईओटी का प्रमुख कार्यकारी अधिकारी होता है, एनआईओटी द्वारा कार्यान्वित विभिन्न प्रौद्योगिकी मिशन मोड कार्यक्रमों और अन्य तकनीकी सहायता वाले कार्यकलापों के निर्माण, विकास और कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी है । वह केन्द्र की योजना बनाने, प्रशासन और कार्य संचालन के साथ-साथ आंतरिक अनुसंधान एवं विकास कार्य-कलापों निष्पादन के लिए भी उत्तरदायी होता है ।

**वेतनमान :** निदेशक का पद पीबी- IV (37,400-67,000 + ग्रेड पे 10000/-रु.) के एमएजी वेतनमान में है तथा अन्य भत्ते संस्थान के नियमों के अनुसार हैं ।

**आयु-सीमा :** (सामान्य अंतिम तिथि तक न -कि दूरस्थ क्षेत्रों के लिए दी गई अंतिम तिथि)55 वर्ष से कम आयु को वरीयता दी जाएगी । असाधारण रूप से योग्यता प्राप्त और/अथवा अनुभवी व्यक्तियों के संबंध में छूट पर विचार किया जा सकता है ।

**भर्ती की विधि :** सीधी भर्ती द्वारा (कार्यकाल के आधार पर) पांच वर्ष की अवधि के लिए अथवा अधिवर्षिता की आयु तक, जो भी पहले हो, संतोषजनक कार्य के विषयाधीन होगा ।

**चयन प्रक्रिया :** इस पद पर नियुक्ति के इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि अनुलग्नक I में दिए गए प्रोफोर्मा में अपने आवेदन भेजे। हर तरह से पूर्ण आवेदन उप सचिव, (स्था.), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, पृथ्वी भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली- 110003 को संबोधित करते हुए और इस विज्ञापन के रोजगार समाचार पत्र में प्रकाशित होने की तिथि से छह हफ़्तों (42 दिनों) (असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू कश्मीर राज्य का लद्दाख प्रभाग, हिमाचल प्रदेश के लाहौल तथा स्पिति जिला तथा चंबा जिले का पांगी उप-प्रभाग, अंडमान और निकोबार द्वीप तथा लक्षद्वीप में रहने वाले उम्मीदवारों के लिए **60 दिन**) के भीतर भेज दिया जाए । पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय इस पद पर नियुक्ति के संबंध में विचार करने के लिए प्रमुख वैज्ञानिकों/विशेषज्ञों, वैज्ञानिक विभागों/संगठनों से भी नामांकन आमंत्रित कर सकता है।

इस पद से संबंधित विवरण और फॉर्मेट मंत्रालय की वेबसाइट www.moes.gov.in और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट www.persmin.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

(रिशी कुमार)
उप सचिव

अनुलग्नक-I
आवेदन का फॉर्मेट

| पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएं |
|---|

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन सं. | | | |
| 2. | किस पद के लिए आवेदन किया है | | | |
| 3. | पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में) | | | |
| 4. | पिता/पति का नाम | | | |
| 5. | (क) जन्म तिथि | दिन | माह | वर्ष |
| | (ख) अंतिम तिथि को आयु | | | |
| 6. | राष्ट्रीयता | | | |
| 7. | धर्म | | | |
| 8. | श्रेणी: (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/शारीरिक रूप से विकलांग/ सामान्य ) | | | |
| 9. | क्या अनु.जा./अनु.ज.जा./अ.पि.वर्ग से संबंधित अपने दावे के समर्थन में उपयुक्त प्राधिकरण से दस्तावेजी प्रमाण संलग्न किया गया है (कृपया चिह्न लगाएं) | हाँ | | नहीं |
| 10. | पत्राचार का पता (बड़े अक्षरों में पिनकोड सहित) | | | |
| 11. | स्थायी पता (स्पष्ट अक्षरों में) | | | |
| 12. | निकटतम रेलवे स्टेशन | | | |
| 13. | संपर्क मोबाइल नं./ ई-मेल पता: | मोबाइल नं.<br>ई-मेल पता: | | |

| 14. | शैक्षिक अर्हताएं (10वीं कक्षा से काल क्रमानुसार) |
|---|---|

| क्रम सं. | उत्तीर्ण पाठ्यक्रम | विश्वविद्यालय/ संस्थान/बोर्ड | किस वर्ष में उत्तीर्ण किया | लिए गए विषय | डिवीजन /श्रेणी सहित परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

| 15. | व्यावसायिक प्रशिक्षण |
|---|---|

| संगठन | अवधि | | प्रशिक्षण का ब्यौरा |
|---|---|---|---|
| | से | तक | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

| 16 | रोजगार रिकार्ड (पहली नौकरी से प्रारम्भ करते हुए कालक्रमानुसार) |
|---|---|

| नियोक्ता/संस्थान का नाम और पता | अवधि | | धारित पद का पदनाम और वेतनमान | कार्य का स्वरूप और उत्तरदायित्वों का स्तर |
|---|---|---|---|---|
| | से | तक | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 17 | अंतिम रोजगार का विवरण<br><br>(i) स्थायी/अस्थायी/तदर्थ<br><br>(ii) वेतनमान और  मूल वेतन<br><br>(iii) अन्य भत्ते<br><br>(iv) कुल वेतन (ii+iii)<br><br>(v) आपका संगठन  केन्द सरकार का संगठन है या राज्य सरकार का संगठन या केंद्रीय स्वायत्तशासी संस्थान या केंद्रीय  सरकारी उपक्रम या राज्य सरकार उपक्रम या सांविधिक निकाय या विश्व विद्यालय या अन्य कोई-कृपया स्पष्ट करे<br><br>क्या यह रोजगार प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर है, कृपया बताएं।<br><br>(क) प्रारंभिक नियुक्ति की  अवधि<br><br>(ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि<br><br>(ग) मूल कार्यालय/संगठन/सेवा का नाम बताएं जिससे आप संबंधित है | |
| 18 | अनुसंधान कार्य/अनुभव का ब्यौरा, यदि कोई हो। | |
| 19 | पद के लिए अपेक्षित अनुभव के संदर्भ में विशेषज्ञता | |
| 20 | ऐसे दो व्यक्तियों का उल्लेख करें (जो आपके संबंधी न हों), जो अपनी स्वंय की जानकारी से यह प्रमाणित कर सके कि प्रस्तावित नियुक्ति के लिए आप उपयुक्त हैं। ये अनिवार्यत: ऐसे व्यक्ति हों जिनके अधीन आपने कार्य किया है या अध्ययन किया है।<br><br>(i) नाम और पूरा पता:<br><br>(ii) नाम और पूरा पता: | |

| | | |
|---|---|---|
| 21 | अभियुक्ति-अन्य कोई सूचना जो आप देना चाहते हैं [जैसे प्रकाशनों की सूची, प्रबुद्ध सोसाइटियों की सदस्यता, पुरस्कार तथा मान्यता आदि] | |
| 22 | संलग्नकों का ब्यौरा | |

23 .घोषणा

मैं प्रमाणित करता हूँ कि उपर्युक्त सूचना मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही और पूर्ण है एवं इसमें कुछ भी छिपाया/हेर फेर नहीं किया गया है। यदि किसी भी समय ऐसा पाया गया कि कोई सामग्री/सूचना मेरे द्वारा छिपाई/हेर फेर की गई है, तो मेरी नियुक्ति बिना किसी सूचना/क्षतिपूर्ति के तुरंत समाप्त की जा सकती है।

स्थान :

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

दिनांक :

**[संगठन/कार्यालय अध्यक्ष द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण-पत्र]**

**[यदि उम्मीदवार रोजगार प्राप्त है तो]**

प्रमाणित किया जाता है कि ऊपर दिए गए विवरण का सत्यापन किया गया और यह सही पाए गए हैं। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि इस पदाधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनिक/सतर्कता मामला लंबित अथवा अपेक्षित नहीं है। इन पर पिछले 10 वर्षों के दौरान कोई भी छोटी/बड़ी शास्ति नहीं लगाई गई है। इनके अद्यतन सीआर डोजियर (पिछले 5 वर्षों के एसीआर/एपीएआर सहित) संलग्न है। साथ ही अधिकारी की सत्यनिष्ठा भी प्रमाणित की जाती है।

स्थान:

(संगठन/कार्यालय के अध्यक्ष का नाम और हस्ताक्षर
और कार्यालय की मोहर)

दिनांक:

सामान्य शर्तें:

I मंत्रालय के पास कोई भी कारण बताए बिना आवेदन रद्द करने का अधिकार है।

II निर्धारित अनिवार्य अर्हताएं न्यूनतम हैं एवं इन अर्हताओं के होने मात्र से ही उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं है। यदि विज्ञापन के जवाब में अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं, तो ऐसे सभी उम्मीदवारों का साक्षात्कार लेना भर्ती बोर्ड के लिए सुविधाजनक/संभव नहीं होगा। मंत्रालय विज्ञापन में निर्धारित वांछनीय अर्हताओं और/ अथवा अनुभव के आधार पर साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को सीमित करने का अधिकार रखता है। उन उम्मीदवारों के साथ कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा जिन्हें साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया गया है/ नियुक्ति के लिए नहीं चुना गया है। किसी भी प्रकार की सिफारिश किए जाने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

III अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं पूरी करने के बाद ही अनुभव गिना जाएगा।

IV आवेदन कैसे करें: आवेदन निर्धारित फॉर्मेट में मोटे सादे पेपर (ए-4 आकार 210x297 मिमी.) पर साफ-साफ टाइप किया जाए।

(क) सरकारी/अर्ध सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्तशासी/सांविधिक संगठनों में कार्यरत उम्मीदवार उचित माध्यम से आवेदन करें।

(ख) आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक अर्हताओं, जन्मतिथि, विकलांगता (ओएच,पीएच) समुदाय (केवल अ.जा./अ.ज.जा./अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों के मामले में) तथा अनुभव संबंधी प्रमाण-पत्रों की प्रतियां संलग्न की जाए। उम्मीदवारों को आवश्यकतानुसार मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने होंगे।

(ग) अंतिम तिथि के बाद अथवा किसी भी तरह से अपूर्ण आवेदन पत्रों को तुरंत रद्द कर दिया जाएगा। इस संबंध में किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

(घ) हर तरह से पूर्ण आवेदन उपसचिव (स्था.) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, पृथ्वी भवन, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 को रजिस्टर्ड डाक से एक लिफाफे में, जिसके ऊपर **एनआईओटी, चेन्नै में निदेशक के पद के लिए आवेदन'** लिखा हो, इस विज्ञापन के रोजगार समाचार पत्र /प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के **42 दिन** (असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू कश्मीर राज्य का लद्दाख प्रभाग, हिमाचल प्रदेश के लाहौल तथा स्पिति जिला तथा चंबा जिले का पांगी उप-प्रभाग, अंडमान और निकोबार द्वीप तथा लक्षद्वीप में रहने वाले उम्मीदवारों के लिए **60 दिन) के भीतर** भेज दिए जाएं।

यह विज्ञापन डीओपीटी की वेबसाइट www.persmin.nic.in तथा एनआईओटी की वेबसाइट http://www.niot.res.in पर भी उपलब्ध है।

रिशी कुमार

(रिशी कुमार)
उपसचिव